**खबर संक्षेप**

### 11076 राजस्व प्रकरणों का किया गया निराकरण

**हरिभूमि न्यूज शहडोल।** आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता के निर्देशन में संभाग के तीनों जिलों में राजस्व संबंधित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए 20 अप्रैल से 20 मई तक विशेष राजस्व अभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियान के तहत 20 अप्रैल से 08 मई के मध्य संभाग में 11076 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया है। जिसमें अनूपपुर जिले में लंबित 6111 प्रकरणों में से 3498 प्रकरणों का निराकरण किया गया। निराकरण का प्रतिशत 57.24, इसी तरह शहडोल जिले में लंबित 7563 प्रकरणों में से 4773 प्रकरणों का निराकरण किया गया। निराकरण का प्रतिशत 63.11, इसी तरह उमरिया जिले में लंबित 5261 प्रकरणों में से 2805 प्रकरणों का निराकरण किया गया। निराकरण का प्रतिशत 53.32 है। संभाग में विशेष राजस्व अभियान में निराकरण का प्रतिशत 58.49 है।

### वन विभाग की 14 एवं 15 मई को दो दिवसीय कार्यशाला

**हरिभूमि न्यूज शहडोल।** वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व उमरिया ने बताया है कि बांधवगढ़ एवं संजय कॉरीडोर में वन्य प्राणी संरक्षण तथा मानव एवं वन्य प्राणी अंतद्र्वंद्व प्रबंधन पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला 14 एवं 15 मई को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन टाईगर डैन रिसोर्ट ताला में पूर्वान्ह 11 बजे से किया जाएगा। जिसमें मध्यप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश के वन विभाग के अधिकारी, एमपीसीए नई दिल्ली, सफारी जबलपुर, कार्बेट फाउन्डेशन मुंबई तथा एनजीओ के प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यशाला में शहडोल एवं उमरिया जिले के कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, लाक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, विद्युत मंडल के कार्यपालन अभियंता, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा तथा उप संचालक कृषि को भी कार्यशाला में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया है।

### कुएं में गिरने से तेदुआ की मौत

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** क्षेत्र संचालक बांधवगढ टाईगर रिजर्व ने बताया कि परिक्षेत्र पनपथा बफर के बीट बटुरावाह के कक्ष क्रमांक पीएफ-628 से लगे राजस्व क्षेत्र में एक जगत विहीन कुआं में तेंदुआ के गिरने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होने पर तत्काल उस क्षेत्र का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण में तेंदुआ मृत हालत में पाया गया । कुआं में पानी अधिक होने के कारण पानी को मोटर की सहायता से निकाला गया। एनटीसीए स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर ( एसओपी) के अनुसार कार्यवाही की गई।

## आश्वासन के बाद मामले को प्रशासन ने ठण्डे बस्ते में डाला

# राजपत्र को रौंदकर बना दिया जनपद का मुखिया

### ब्यौहारी में जनपद अध्यक्ष ने खोला था मोर्चा

**हरिभूमि न्यूज शहडोल। जनपद के मुखिया के प्रभार के लिए शासन ने मापदण्ड तय किये हुए है, लेकिन ब्यौहारी जनपद का प्रभार कायदों को रौंद कर उपयंत्री को सौंप दिया गया है, यदि कोई अधिकारी छुट्टी पर जाता है, तो वह अपने विभाग का प्रभार किसी अन्य योग्य अधिकारी को सौंप सकता है, ब्यौहारी जनपद में तो, मुखिया न होने के बावजूद नियम विरूद्ध अयोग्य व्यक्ति को कुर्सी सौंपी दी गई है।**

विभाग का प्रभार नियम के विरुद्ध सौंपे जाने का मतलब है कि यह कार्य सरकार द्वारा स्थापित नियमों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन है, यदि किसी अधिकारी ने अपने विभाग का प्रभार किसी ऐसे व्यक्ति को सौंप दिया है जो उस पद के लिए योग्य नहीं है या जो नियमानुसार प्रभार ग्रहण करने के लिए अधिकृत नहीं है, तो यह नियम के विरुद्ध होगा। सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के लिए कुछ नियम और प्रक्रियाएं निर्धारित की गई हैं। इन नियमों में यह भी शामिल है कि विभाग के प्रभार को कैसे सौंपा जाए, कौन प्रभार ग्रहण कर सकता है और किस स्थिति में प्रभार को सौंपा जा सकता है। यदि किसी अधिकारी ने इन नियमों का उल्लंघन करते हुए विभाग का प्रभार सौंपा है, तो यह नियम के विरुद्ध माना जाएगा, इसके बावजूद जिले के ब्यौहारी जनपद के मुखिया की कुर्सी कायदों को रौंद कर दिया गया है, लेकिन जिला पंचायत से लेकर जिले के मुखिया को इसका संभवतः भान ही नहीं है।

### किसी की नहीं परवाह

ब्यौहारी जनपद की कुर्सी के लिए तत्कालीन जिला पंचायत के मुखिया ने सरकारी नियमों को ही बदल कर रख दिया, राजपत्र की अनदेखी कर उपयंत्री विजय सिंह के लिए नियम तैयार किये गये और वर्तमान में मापदण्डों के विपरीत उपयंत्री उधार की कुर्सी पर बैठकर अपने से कनिष्ठ एवं वरिष्ठों को आदेश दे रहे हैं। सत्ताधारी दल के नेताओं की जी-हुजूरी कर पाई गई उधार की कुर्सी पर बैठकर कार्यालय की व्यवस्था को पंख लगाने के खोलने दावे करने वाले उपयंत्री विजय सिंह के कार्यकाल में ब्यौहारी अपनी दुर्दशा के आंसू बहा रहा है,



लेकिन जिले में बैठे जिम्मेदारों को इसकी कोई परवाह नहीं है, आश्चर्य की बात तो यह है कि राजधानी तक बैठे अधिकारियों को भी इस प्रक्रिया से कोई आपत्ति नहीं है।

### 5 जनपद एक सीईओ

ब्यौहारी जनपद पंचायत में कई माह पूर्व जनपद अध्यक्ष ने खुद इसका विरोध किया था, लेकिन आश्वासन देने के बाद मामले को ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया, आज भी उपयंत्री ही जनपद चला रहे हैं, जनपद से जुड़े लोगों का कहना है कि जिला पंचायत के जिम्मेदार कहीं किसी दिन, किसी सचिव को जनपद का मुखिया न बना दें, इससे इंकार नहीं किया जा सकता। सत्ताधारी दल के नेताओं को शासन की गाइड लाईन से हटकर दिये गये प्रभार को लेकर कोई आपत्ति न होना यह दर्शाता है कि उनके संरक्षण में पूरा खेल चल रहा है।

### रेवड़ी में बांट दी कुर्सी

सत्ताधारी दल के नेताओं की तो मजबूरी है कि वह अपने ही बड़े नेताओं के खास कहे जाने वाले कर्मचारियों का विरोध नहीं कर सकते, लेकिन जनभावनाओं और सरकार की गाइड लाईन से हटकर रेवड़ी की तरह बांटे जा रहे जनपद के मुखिया की कुर्सी को लेकर वह कभी सामने नहीं आते, ब्यौहारी जनपद में कांग्रेस नेताओं को इसका खुलकर विरोध करना चाहिए, लेकिन उन्होंने तो, इस मामले में कभी कोई पहल नहीं की। आश्चर्य की बात तो यह है कि कायदों को रौंदकर पूर्व में जिला पंचायत प्रभार बांटा है, कांग्रेस नेताओ को स्वयं सीईओ का प्रभार न मिल जाये, इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता।

### यह कहते हैं कायदे

ब्यौहारी जनपद में अपात्र मुखिया होने के चलते योजनाएं गर्त में जा रही है, पंचायती राज में फैली अव्यवस्था के लिए तत्कालीन जिला पंचायत के मुखिया सहित वर्तमान मुखिया द्वारा संज्ञान न लेना सवाल खड़े कर रहा है। मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कायदों के अनुसार जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पद अवकाश या अन्य स्थिति में रिक्त होने पर पूर्व में जारी समस्त निर्देशों को अधिक्रमित करते हुए तब एसडीओ को दिया जा सकता है, जब वह अनुविभागीय अधिकारी/सहायक यंत्री नियमित हो। विजय सिंह आज भी उपयंत्री है, लेकिन रेवड़ी की तरह बांटी जा रही मुख्य कार्यपालन अधिकारी की उधार की कुर्सी पर किसे बैठाया जायेगा, यह जिला पंचायत के मुखिया के विवेक का सवाल है।

## राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सौहार्द सबकी जिम्मेदारी

**हरिभूमि न्यूज शहडोल। भारत-पाकिस्तान के बीच उत्पन्न हुई युद्ध जैसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए पुलिस समस्त नागरिकों से शांति, सद्भाव और सामाजिक एकता बनाए रखने की अपील की है। पुलिस द्वारा कहा गया कि इस संवेदनशील समय में अफवाहों और गलत सूचनाओं से बचें। समाज में तनाव उत्पन्न करने वाली किसी भी गतिविधि से दूर रहें और शांति बनाए रखने में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें।**

व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक, भडक़ाऊ या झूठी जानकारी साझा करने से बचें। शहडोल पुलिस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और व्हाट्सएप ग्रुप की निगरानी कर रही है। शांति भंग करने वाली कोई भी पोस्ट गंभीरता से ली जाएगी और उस पर कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इस युद्ध जैसी स्थिति में धार्मिक उन्मा द फैलाने वाले मैसेज के प्रचार प्रसार से दूर रहें।

### बनाए रखें साम्प्रदायिक सौहार्द

पुलिस ने अपील की है कि किसी भी धर्म, जाति या समुदाय को लेकर उत्तेजनात्मक पोस्ट, फोटो या वीडियो शेयर न करें। संविधान की सर्वधर्म समभाव की भावना का सम्मान करें और परिजनों को भी इस विषय मे बतायें। किसी भी तरह की गतिविधि, जिससे शांति व्यवस्था भंग हो सकती है, उसमें भाग न लें। ऐसा कोई भी कार्य न करें जो कानून के विरुद्ध हो। सभी व्हाट्सएप गुरप एडमिन्स से अनुरोध है कि वे अपने गुरप में कोई भी आपत्तिजनक संदेश प्रसारित न होने दें। ऐसे संदेशों को तुरंत डिलीट करें और समूह के सदस्यों को जागरूक करें।

### पुलिस का करें सहयोग

पुलिस ने अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति धार्मिक या साम्प्रदायिक भावनाएं भडक़ाने वाली पोस्ट करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। यदि आप किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट या गतिविधि को देखें तो, उसे न शेयर करें, न कमेंट करें। तुरंत अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन या शहडोल पुलिस हेल्पलाइन 9340751204 या कंट्रोल रूम 7049101052 पर सूचना दें। राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सौहार्द हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस समय संयम और समझदारी से काम लें और शांति बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें।

## आज होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज शहडोल।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि नेशलन लोक अदालत का आयोजन 10 मई 2025 को प्रातः 10 बजे से जिला न्यायालय परिसर में किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ माननीय उच्च न्यायालय द्वारा व्हीसी के माध्यम से किया जाएगा। एडीआर सेन्टर जिला न्यायालय शहडोल विशेष न्यायाधीश द्वारा प्रातः 10 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर प्रिंट एंव इलेक्ट्रानिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।






## समधिन नदी में किया गया सफाई कार्य




**हरिभूमि न्यूज शहडोल।** जल है प्रकृति का अमूल्य उपहार बचाओ इसे, यही है जीवन का आधार शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायतो में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान जल के एक एक बूंद को सहेजने के लिए 30 जून 2025 तक अभियान चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गुरूवार को नवांकुर संस्था मां चंडिका जन विकास समिति चचाई अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जगमल के ग्राम जगमल के पास समधिन नदी की साफ-सफाई का कार्य किया गया। समधिन नदी की सफाई कार्य में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय, परामर्शदाता रामेश्वर पाल, नवांकुर संस्था कार्यक्रम समन्वयक, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष रामगरीब साकेत, सहित काफी संख्या में आमजनों भी ने श्रमदान किया।

## ई-केवायसी के कार्य में तेजी लाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**हरिभूमि न्यूज शहडोल।** शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु राज्य शासन द्वारा ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। जिन योजनाओं में ई-केवायसी की आवश्यकता होती है संबंधित विभाग के अधिकारी ग्राम पंचायतों के अमले तथा विभागीय अमले से समन्वय कर शत-प्रतिशत ई-केवायसी का लक्ष्य प्राप्त करें। यह निर्देश कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने ई-केवायसी के प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, अनुविभागीय अधिकारी जैतपुर श्रीमती अमृता गर्ग, एसडीओपी राघवेन्द्र द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति परस्ते, भागीरथी लहरे सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## समय-सीमा में हितग्राहियों को अधिकारी दिलाएं लाभः कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने लोक सेवा गारन्टी अधिनियम के तहत विभिन्न विभागों में अधिसूचित सेवाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी सेवाओं का लाभ समय-सीमा में देना सुनिश्चित किया जाए। आपने विवाह पंजीयन, जन पंजीयन, मृत्यु पंजीयन, तथा पेंशन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, अनुविभागीय अधिकारी जैतपुर श्रीमती अमृता गर्ग, एसडीओपी राघवेन्द्र द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति परस्ते, भागीरथी लहरे सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करें, समय सीमा में करें कार्य पूर्णः उप मुख्यमंत्री



### शहडोल-रीवा संभाग में एमपीआरडीसी के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

**हरिभूमि न्यूज शहडोल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा एवं शहडोल संभाग में एमपीआरडीसी के विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रगतिरत कार्यों की नियमित समीक्षा अनिवार्य है, ताकि किसी प्रकार की बाधा समय रहते दूर की जा सके। साथ ही, पूर्ण हो चुके कार्यों का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए, जिससे कार्यों की गति बनी रहे और बजट का प्रभावी उपयोग संभव हो सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने उमरिया से शहडोल तक 2-लेन मार्ग के उन्नयन कार्य की समीक्षा की। बताया गया कि यह कार्य 93 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य जून माह के अंत तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। रीवा बायपास फोरलेन मार्ग परियोजना का 14 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसमें 4 मध्यम पुलों में से 2, 39 बॉक्स कल्वर्ट में से 14 तथा आवश्यक 5 वीयूपी (वर्टिकल अंडर पास) में से 2 का कार्य प्रगतिरत है। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कार्यों की सतत निगरानी की जाए और तय समयसीमा में गुणवत्ता के साथ कार्यों को पूरा किया जाए। बैठक में एमडी एमपीआरडीसी भरत यादव सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




## खबर संक्षेप

### 11076 राजस्व प्रकरणों का निराकरण

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता के निर्देशन में संभाग के तीनों जिलों में राजस्व संबंधित प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु 20 अप्रैल से 20 मई तक विशेष राजस्व अभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियान के तहत 20 अप्रैल से 8 मई के मध्य संभाग में 11076 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया है। जिसमें अनूपपुर जिले में लंबित 6111 प्रकरणों में से 3498 प्रकरणों का निराकरण किया गया। निराकरण का प्रतिशत 57.24 , इसी तरह शहडोल जिले में लंबित 7563 प्रकरणों में से 4773 प्रकरणों का निराकरण किया गया। निराकरण का प्रतिशत 63.11 इसी तरह उमरिया जिले में लंबित 5261 प्रकरणों में से 2805 प्रकरणों का निराकरण किया गया। निराकरण का प्रतिशत 53.32 है। संभाग में विशेष राजस्व अभियान में निराकरण का प्रतिशत 58.49 है।

### विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आज

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल व्दारा घोषित हाई एवं हायर सेकेण्डरी के परीक्षा परिणाम में प्रदेश एवं जिला स्तरीय प्रवीण्य सची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह 10 मई को जिला पंचायत उमरिया के सभाकक्ष में दोपहर 12.30 बजे से आयोजित किया गया है ।

### नेशनल लोक अदालत आज, 12 खंडपीठ गठित

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को किया गया है । लोक अदालत के लिए 12 खंडपीठों का गठन किया गया है। लोक अदालत में विद्युत विभाग से संबंधित प्रकरणों में छूट प्रदान की जाएगी । प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छःमाही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।

### नगरीय निकायों में जल संग्रहण संरचनाओं का किया जा रहा संवर्धन

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगरीय निकायों में जल संग्रहण संरचनाओं का संवर्धन किया जा रहा है । परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास एवं अभिकरण ने बताया कि 1 मई 2025 की स्थिति तक नगर पालिका परिषद उमरिया में उमरार नदी मे खलेसर घाट से बहराधाम घाट तक नदी की विशेष साफ सफाई का कार्य प्रारंभ है । 10 सार्वजनिक कुओं की साफ सफाई एवं मरम्मत का कार्य में वार्ड क्रमांक 14 एवं 16 में दो कुओं की साफ सफाई का कार्य कराया जा चुका है । वार्ड नंबर 11 में स्थित रेंज तालाब एवं वार्ड नंबर 20 स्थित बरतरिया तालाब की साफ सफाई का कार्य प्रारंभ है । नगर पालिका परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर 9 सगरा तालाब में पिचिंग वर्क एवं सौदर्यीकरण कार्य में टेक्निकल विड खोला जाना है , जिसकी लागत 500 लाख रूपये है। वार्ड नंबर 4 में बिझला तालाब में सफाई का कार्य 50 प्रतिशत किया जा चुका है । इसी तरह नगर परिषद चंदिया में अमृत 2.0 अंतर्गत भरोसा तालाब का सौदर्यीकरण का निर्माण कार्य 40 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है । नगर परिषद नौरोजाबाद में वार्ड क्रमांक 6 छांदा तालाब का जीर्णोध्दार एवं वार्ड नंबर 15 में धरतिहा एवं छपरा तालाब में जल संग्रहण एवं संवर्धन कार्य प्रग्रतिरत है।

---

### खाने में भी हुआ बड़ा खेल, कार्यक्रम में हुए खर्च की जांच जरूरी

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह में दिखी अव्यवस्था



#### पसीना पोछते नजर आये घराती-बराती

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना ने पिता के मस्तक से बिटिया की शादी की चिंता को समाप्त तो कर दी गई है, लेकिन सरकार द्वारा बेटियों के शादियों के लिए जो धन व्यवस्था के नाम पर खर्च किया जाता है, अब उसमें भ्रष्ट जिम्मेदारों ने अपना जुगाड़ का रास्ता बना लिया है, बीते दिनों उमरिया में हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह में दिखी अव्यवस्था इस ओर इसारा कर रही है कि जिम्मेदारों ने बेटियों के हक में डाका डालने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत करकेली जनपद के कॉलरी स्कूल परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह अव्यवस्था के बीच हुई। विवाह के लिए 326 जोड़ों का पंजीयन किया गया था। पंडाल के नाम पर लाखों रूपए खर्च किए गए थे, मगर कार्यक्रम में पहुंचे लोगों के लिए पर्याप्त पंखे की व्यवस्था नहीं की गई थी। जिसके चलते अतिथि और वर वधू और उनके स्वजन गर्मी से बेहाल होते रहे। इस पूरे कार्यक्रम की बागडोर जिला पंचायत को सौंपी गई थी। चर्चा है कि अगर पूरे कार्यक्रम की अगर खुद को ईमानदार कहने वाले जिम्मेदार अधिकारी जांच कराकर जानकारी सार्वजनिक करें तो, हकीकत सामने आ सकती है।



#### बजट की खेल ली होली

शासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के तहत युवक-युवतियों का सामूहिक विवाह आयोजन के लिए लाखों रूपए का बजट विभाग को दिया जाता है। इस वर्ष सामूहिक विवाह आयोजित करने के लिए बजट की स्वीकृति समय से दे दी गई थी। मगर जिला प्रशासन के अधिकारी सामूहिक विवाह का आयोजन सही तरीके से संपन्न नहीं करा सके, जिला पंचायत आपनी कार्यशैली के चलते पहले ही सुर्खियों में हैं, उन्हें बजट कहां और कैसे समाप्त करना है, बखूबी आता है, व्यवस्था के नाम पर बजट की जमकर होली खुलेआम खेली गई, लेकिन इस पर सवाल करने वाला कोई नजर नहीं आया।



#### गर्मी के लिए नहीं थी व्यवस्था

जिला पंचायत और जनपद के द्वारा कॉलरी स्कूल परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह अव्यवस्था के बीच हुई। विवाह के लिए 326 जोड़ों का पंजीयन किया गया था। पंडाल के नाम पर लाखों रूपए खर्च किए गए, मगर कार्यक्रम में पहुंचे लोगों के लिए पर्याप्त पंखे की व्यवस्था नहीं की गई थी। जिसके चलते अतिथि और वर वधू व स्वजन गर्मी से बेहाल होते रहे। मंचस्थ कई अतिथि तो रूमाल से पसीने पोछते नजर आए। चर्चा है कि प्रशासन इस बात की कभी जानकारी साझा नहीं करता कि योजना में कितनी राशि खर्च की गई और किसे कितना-कितना भुगतान व्यवस्था के नाम पर किया गया।

#### खाने में बनाया जुगाड़

सामूहिक विवाह में 326 जोड़ों के परिवार वाले भी शामिल होने पहुंचे थे। विभाग द्वारा वर-वधू के साथ ही उनके लिए भी भोजन की व्यवस्था की गई थी। भोजन के नाम पर घराती और बरातियों को आलू के कुछ टुकड़े, पूड़ी और एक बर्फी का टुकड़ा दिया गया। जबकि भोजन व्यवस्था के नाम पर आयोजन के लिए मिली राशि में से ही विभाग द्वारा कटौती की गई थी। कुल मिलाकर शासन से योजना के लिए आई राशि में जमकर कमीशन का खेल होने की चर्चा है, लेकिन जिन्हें पूरे आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, अगर वह ही आयोजनों में ऐसी अव्यवस्था परोसेंगे तो, योजना कितनी सफल होगी, यह स्वयं अंदाजा लगाया जा सकता है।

---

## स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** यूनिसेफ के सहयोग से संचालित कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों के एकदिवसीय प्रशिक्षण हेतु प्राचार्य डॉ0 विमला देवी मरावी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद शाह बरकड़े की उपस्थिति में एनएसएस अधिनायक शिवांश सिंह सेंगर, सचिव विनोद कुमार सेन और स्वयंसेवक ओम तिवारी के सहयोग से एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ट्रेनर की भूमिका विजय सिंह बघेल द्वारा स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया और बताया कि प्रति वर्ष, प्रति माह, प्रति 2 दिन में मध्य प्रदेश और देश भर से लगभग कितने बच्चे चाइल्ड ट्रैफिकिंग का शिकार होते हैं और इस समस्या का समाधान करने में युवा पीढ़ी किस प्रकार से सहयोग कर सकती है । कार्यक्रम में सेवा निवृत्त प्राध्यापक डॉ. एस. एन. स्वामी ने कहा कि गुड टच और बैड टच के संदर्भ में युवाओ अपनी जिम्मेदारियों को समझना होगा। वरिष्ठ प्राध्यापक संजीव शर्मा ने कहा कि सरकार प्रत्येक घर पर नजर नहीं रख सकती ऐसे में हमारी ज़िम्मेदारी है कि अपने गली मोहल्ले, शहर के किसी परिवार की क्षति होने से रोकने में अपना योगदान दें। ऋषराज पुरवार ने कहा कि हमें अपने उद्देश्यों को नहीं भूलना चाहिए किसी भी देश की शोभा उसके आदर्श समाज से होती है इसीलिए कभी भी अपने समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को नहीं भूलना चाहिए। कार्यशाला में डॉ. रमेश प्रसाद कोल, तुलसी रानी पटेल एवं डॉ. देवेश कुमार अहिरवार, राजेन्द्रप प्रसाद पटेल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम के मध्य सभी स्वयं सेवकों का प्री एवं पोस्ट टेस्ट लिया गया, जिसके माध्यम से चौम्पियन फॉर चाइल्ड प्रोटेक्शन प्रोग्राम की मंशा को बेहतर तरीके से उनके मध्य प्रस्तुत किया गया। कुछ फिल्में भी विद्यार्थियों के मध्य दिखाई गई एवं उनके लक्ष्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। अंत में प्राचार्य एवं स्टॉफ द्वारा विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। साथ ही स्वरयं सेवकों को प्रेरित किया गया कि न सिर्फ अपने व्यक्तित्व का विकास करना वरन समाज में प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचकर उन्हें इस प्रकार जागरूक किया जाए कि वे आसानी से लक्ष्यों की पूर्ति में सक्षम हो सके।



### जल संसाधन विभाग द्वारा जलाशयों की गई साफ सफाई

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग सरोज सिंह व्दारा बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में स्थित जलाशयों की साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत उमरार जलाशय मध्यम परियोजना में साफ सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया । अभियान के दौरान बांध के पास से झाडिय़ो की कटाई एवं पिचिंग का सुधार कार्य,मेन केनाल में बैंक रेजिंग का कार्य, नहर की साफ सफाई, किया गया । इसी तरह कोयलारी जलाशय लघु योजना में झाडिय़ो की कटाई, पिचिंग का सुधार कार्य, उमरार जलाशय मध्यम परियोजना में मुख्य कैनाल मे सिल्ट निकालने का कार्य, कोयलारी जलाशय लघु योजना में जलाशय गेट के सामने सिल्ट निकालने का कार्य एवं कोयलारी डेम के डाउन स्ट्रीम की सफाई का कार्य, भनपुरा जलाशय मध्यम परियोजना मे पिचिंग एवं सफाई कार्य, नहर सफाई का कार्य, कन्नाबहरा जलाशय लघु परियोजना में जलाशय की नहर एवं पिचिंग सफाई का कार्य,पटपरिहा जलाशय लघु परियोजना में नहर की सफाई का कार्य किया गया है ।




## नरवाई नहीं जलाने के लिए किया गया प्रेरित

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** कृषि अभियांत्रिकीय विभाग व्दारा किसानों को नरवाई नही जलाने की जानकारी दी जा रही है। सहायक कृषि यंत्री मेघा पाटिल ने बताया कि गत दिवस ग्राम सरसवाही, बरबसपुर, सिगुड़ी, नौगवां में रथ के माध्यम से किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान, नरवाई के प्रबंधन एवं उपाय नरवाई प्रबंधन में सहायक भूसा मशीन, बेलर, हार्वेस्टर मैनेजमेंट सिस्टम, रीपर कम्बाइंडर, सीपर सीडर, मल्चर आधुनिक कृषि यंत्र, फसल अवशेष प्रबंधन उपाय बनाने, खेत और पर्यावरण को नुकसान से बचाने, नरवाई प्रबंधन के लाभ आदि के बारे में जानकारी दी गई।




उन्होंने बताया कि पर्यावरण सुरक्षा, जन स्वास्थ्य एवं जीव जंतुओ की जीवन सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के परिपालन में पर्यावरण प्रदूषण एवं नियंत्रण अधिनियम के तहत शासन ने धान एवं गेहू तथा अन्य फसल की कटाई के बाद नरवाई जलाना प्रतिबंधित किया है। इसका उल्लंघन किए जाने पर संबंधित से पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप मे जुर्माना लिया जाएगा । नोटिफिकेशन के प्रावधान अनुसार जुर्माना राशि निर्धारित की गई है ।

---

## बाजार क्षेत्र में लग रही दो दर्जन से ज्यादा दुकानें



#### खुले में बिक रहा मांस, मुख्यमंत्री के निर्देश पर नही हो रहा अमल

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** जिला मुख्यालय सहित कोतमा में मांस बिक्री को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए निर्णय बेसर साबित हो रहा है इससे यह साफ दिखाई दे रहा है कि मुख्यमंत्री का निर्देश बेअसर साबित हो रहा है। नगर में मांस की दुकानों के सामने लगाए गए पर्दा अब दिखावे तक सीमित होकर रह गया है। रेलवे लाइन किनारे से लेकर बनिया टोला तक साथ ही विभिन्न वार्डो में बेधड़क मांस की दुकानें संचालित हो रही हैं जिसको लेकर नपा एवं स्थानीय प्रशासन पूरी तरह बेसुध नजर आ रहा है। आवागमन के दौरान सड़क से ही मांस की दुकान वीभत्स तरीके से नजर आना आम बात है। नागरिकों का कहना है कि मुख्यमंत्री के प्रथम आदेश से उम्मीद जगी थी कि सड़क की दुकानों पर से मांस का दिखना बंद हो जाएगा पर निर्देश का पालन करवाने में नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह बेफिक्र है। नगर में मांस की दुकानो के संचालन के लिए वार्ड क्रमांक 11 कॉलेज रोड पर 60 लाख रुपए की लागत से फिश मार्केट का निर्माण करवाया गया था लेकिन वहां मांस की दुकानों का संचालन नहीं कराया जाता जिसके कारण शासन के लाखों रुपए से निर्मित मीट मार्केट में असामाजिक तत्वों ने कब्जा करते हुए अनैतिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। रेलवे कॉलोनी के पास दो दर्जन से ज्यादा लग रही मांस की दुकानों के कारण सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल कॉलेज की छात्र-छात्राओं को होता है वहीं दूसरी ओर बनिया टोला से बाजार मंदिर आने वाली महिलाएं को सुबह से ही मांस की दुर्गंध का सामना करना पड़ता है।

#### सब खुले में

वर्तमान में नगर के वार्ड क्रमांक 7 रेलवे कॉलोनी के आगे मीट मार्केट लग रही है कुछ दिनों तक तो इन्हें पर्दे से ढक दिया गया था लेकिन वर्तमान में यहां पूरी तरह से खुले में मीट मटन के साथ ही मछली की बिक्री की जा रही है अब तो सब खुले में संचालित किया जा रहा है।

#### होती है परेशानी

मुख्य सड़क के किनारे मीट मटन की दुकान लगने के साथ ही वहीं पर कांटे जाने के कारण काफी दुर्गंध आती है जिसके कारण वहां से निकलने वाले महिला एवं पुरुषों को नाक में कपड़ा ढककर निकलना पड़ता है जिसके कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### रेल्वे उदासीन

मीट मटन की दुकान रेलवे की भूमि में खुलेआम संचालित की जा रही है जबकि मुख्यमंत्री का साथ निर्देश है कि खुले में मांस मटन की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दी गई है लेकिन रेल प्रबंधन भी इस आदेश से बेपरवाह नजर आ रहा है रेलवे के अधिकारियों एवं पुलिस के द्वारा भी किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं किए जाने से मांस मटन दुकान संचालकों के हौसले बुलंद हैं। नागरिकों द्वारा जिला प्रशासन से खुले में हो रही मांस की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई है।

#### इनका कहना है

रेलवे की भूमि पर मीट मटन की दुकानें यदि संचालित हो रही है तो अभियान चलाते हुए कार्यवाही की जायेगी।

**बी के चौधरी**
**टी आई आरपीएफ**
**मनेन्द्रगढ**

## हायर सेकेंडरी एवं सरस्वती विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा सर्वोत्तम

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक के पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित हायर सेकेंडरी 12वीं तथा हाई स्कूल 10वीं का सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम आया है दोनों ही विद्यालयों ने बेहतरीन परीक्षा परिणाम का प्रदर्शन किया है । स्थानीय पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक तथा सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का हायर सेकेंडरी का 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा है वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक तथा सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का हाई स्कूल दसवीं का परीक्षा परिणाम कम से 97.5 प्रतिशत तथा 93.33 प्रतिशत रहा। पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक हाई स्कूल दसवीं में कुल छात्र 124 सम्मिलित छात्र 124 उत्तीर्ण 118 प्रथम श्रेणी 102 छात्र छात्राएं द्वितीय श्रेणी 12 छात्र छात्राएं तृतीय श्रेणी 4 छात्रा फेल तीन छात्र छात्राएं। 10 वी में आशीष सिंह पिता छोटेलाल 441 /500 88 .1%, शिवम माझी पिता संतोष मांझी 422 /500 84.4 %, सत्यम यादव पिता शंभू लाल 422 /500 84.4%, इसी तरह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर अमरकंटक से शिवांश त्रिपाठी पिता शिव प्रसाद त्रिपाठी 484 /500 96.8%, तन्मय जायसवाल पिता संतोष जायसवाल 457 / 500 91.4%, प्रिंसी प्रजापति पिता प्रेमलाल प्रजापति 444 / 500 88.8% रहे कल सम्मिलित छात्र-छात्राएं 45 उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं 42 विद्यालय का रिजल्ट 93.33 प्रतिशत रहा।हायर सेकेंडरी 12वीं का परीक्षा परिणाम पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक कुल छात्र-छात्राएं 67 सम्मिलित छात्राएं 66 उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं 66 प्रथम श्रेणी 61 द्वितीय श्रेणी 4 तृतीय श्रेणी 1 बालिका 34 बालक 33 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक की छात्रा उमा देवी पिता राजकुमार 427 / 500 85.4%, नीलिमा राठौर पिता पिता नंद कुमार 424 बाते 500 84.8%। सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक के हायर सेकेंडरी 12वीं का परिणाम कल सम्मिलित छात्र-छात्राएं 45 उत्तीर्ण छात्र 42 कल रिजल्ट 93.33% रहा है। विद्यालय की छात्रा शुभांजलि गुप्ता पिता शिव गुप्ता 452 / 500 90.4%, गौरी लक्ष्मी गौतम पिता राजेंद्र गौतम 427/ 500 85.4%, केशव सिंह 414 /500 83.6% कुल सम्मिलित छात्र छात्राएं 30 उत्तीर्ण छात्राएं 30 विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा है।पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक एवं सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक के दसवीं एवं 12वीं कक्षा के बेहतर परीक्षा परिणाम से छात्र-छात्राओं में हर्ष व्याप्त है वहीं उनके अभिभावक माता-पिता भी बेहद प्रसन्न है। पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य अनुजा मिश्रा एवं सरस्वती विद्यालय के प्राचार्य बृजकिशोर शर्मा की कुशल प्रबंधन अध्ययन अध्यापन के प्रति सतत जागरूकता तथा निरंतर प्रयासरत रहने के चलते विद्यालय में सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम रहा है पवित्र नगरी अमरकंटक के जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों ने खुशी का इजहार करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है तथा सफल छात्र छात्राओं विद्यालय प्रबंधन को शुभकामनाएं बधाई दी है।



## आधी रात बज रहे डीजे को पुलिस ने कराया बंद, कलेक्टर के आदेश के बाद भी नहीं लग पा रही रोक

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** तेज आवाज में बज रहे डीजे पूरे नगरवासियों के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहा है। इन पर प्रतिबंध लगाने के लिए आए दिन हरिभूमि प्रमुखता से समाचार भी प्रकाशित कर रहा है उसके बावजूद प्रशासन के द्वारा पुख्ता कार्यवाही नहीं किए जाने के कारण डीजे संचालकों के हौसले बुलंद हैं। जबकि जिले के मुखिया कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा कार्यवाही के साथ निर्देश दिए गए हैं। गुरुवार को आधी रात तक बज रहे डीजे से परेशान वार्डवासियों ने परेशान होते हुए पुलिस टीम को बुलाया जिसके बाद दफ़ाई टोला में बजने वाले डीजे पुलिस हस्ताक्षेप के बाद बंद हो सका। विदित रहे कि इन दिनों शादी ब्याह का सीजन होने के कारण तेज आवाज में बज रहे अनियंत्रित ध्वनि यंत्रों के कारण आमजन खासे परेशान हैं। देर रात तक डीजे की कर्कश ध्वनि के कारण लोग रात भर जागने को मजबूर हो रहे है एवं तनाव भरा जीवन गुजार रहे है।स्वास्थ्य विशेषज्ञ के अनुसार तेज डीजे साउंड के कारण आम नागरिकों की नींद टूटने के साथ हृदय रोग वाले मरीजों के लिए भारी जोखिम होता है। नींद में खलल पडने के साथ ही स्वास्थ्य मे भी दुष्प्रभाव पड़ने से शारीरिक नुकसान हो रहा है। पिछले कई दिनों से पूरे नगर में बेकाबू ढंग से आधी रात तक बजने वाले डीजे में रोक लगाने की मांग की गई है। विदित रहे तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रोक लगाने कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा साउंड उपयोग पर अनुमति अनिवार्य की गई है रात्रि में इसके उपयोग पर कार्यवाही भी होनी है। नगर के वैवाहिक बारात घरों एवं कार्यक्रम स्थलों पर रात्रि मे तेज साउंड सिस्टम के साथ कार्यक्रमों का आयोजन होने के साथ ही तेज आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किए जाने के कारण आसपास निवास करने वाले एवं हृदय रोगियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नागरिकों ने प्रशासन से कानफोड़ू डीजे पर रोक लगाते हुए सख्ती के साथ कार्यवाही की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### पंप ऑपरेटरों को कोतमा में दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**कोतमा।** जल जीवन मिशन के तहत एकल ग्राम नल जल योजनाओ के पंप चालकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी विभाग द्वारा जनपद सभागार कोतमा मे आयोजित किया गया। पंप ऑपरेटरो ने नल जल योजनाओं के संचालन के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करने वाहन रवाना

**कटनी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा जितेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने व अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभान्वित कराए जाने हेतु बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा जिला न्यायालय परिसर कटनी से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर समस्त न्यायाधीशगण उपस्थित रहें। इस दौरान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित शर्मा ने बताया कि पैरालीगल वालेंटियर राजा अहिरवार एवं मधु सिंह के द्वारा प्रचार वाहन के माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को नेशनल लोक अदालत से होने वाले लाभों के बारे में बताया जाएगा। साथ ही पम्पलेट व ऑडियो क्लिप के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार कर आम जन को जागरूक किया जा रहा है। जिससे पक्षकारगण नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते से प्रकरण का निराकरण करने के लिए प्रेरित हो और नेशनल लोक अदालत का लाभ उठा सकें।

### बुद्ध जयंती पर मांसाहार का क्रय- विक्रय प्रतिबंधित

**कटनी।** सोमवार 12 मई को बुद्ध जयंती होने के कारण नगर में मांसाहारी पदार्थ मुर्गा, मुर्गी, मांस, मछली का क्रय - विक्रय बंद रखने के निर्देश निगमायुक्त नीलेश दुबे ने दिए है। तदाशय के संबंध में नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें आम सूचना जारी करते हुए समस्त दुकानों को सोमवार 12 मई को बुद्ध जयंती होने के कारण मांसाहारी पदार्थ मुर्गा, मुर्गी, मांस, मछली का क्रय- विक्रय बंद रखने के साथ ही खरीदनें एवं पकानें पर प्रतिबंध लगाने की जानकारी दी है। उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

### हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल की द्वितीय परीक्षा

**कटनी।** सत्र 2024-25 की हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से फार्म भरे जाना शुरू हो गये हैं। फार्म 21 मई तक रात्रि 12 बजे तक भरे जा सकेंगे। हाई स्कूल द्वितीय परीक्षा 17 जून से 26 जून तक और हाई सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई तक प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।

### आईटीआई बहोरीबंद में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**कटनी।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थो (आईटीआई) बहोरीबंद में सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। इस शैक्षणिक सत्र में आईटीआई बहोरीबंद में विद्युतकार हेतु 20, वेल्डईर हेतु 40, फिटर हेतु 20, कोपा हेतु 48 तथा सोलर टेक्नीदशियन हेतु 20 सीटों पर प्रवेश होना है। अभ्यीर्थी वेबसाइट www.dsd.mp.gov.in पर जाकर संपूर्ण प्रवेश विवरण पढ़ सकते है। साथ ही अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### चाकू लेकर घूम रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

**ढीमरखेड़ा।** चाकू लेकर घूम रहे एक युवक को ढीमरखेड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि जबलपुर जिले पनागर थाना क्षेत्र के बिलगवां निवासी रोहित पिता राकेश चौधरी (20) गोपालपुर तिराहे में लोहे की चाकू लेकर

# समाजसेवी स्व. पवन कुमार चमड़ियां के द्वितीय पुण्यतिथि पर ब्लड डोनेशन कैंप में 50 यूनिट रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**बुढार।** प्रतिष्ठित समाज सेवी एवं व्यवसायी स्व.पवन कुमार चमड़ियां की द्वितीय पुण्य तिथि पर आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में नागरिकों तथा समाजसेवियों ने ब्लड डोनेशन कर पीड़ित मानवता की सेवा में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया वहीं स्वर्गीय पवन चमड़ियां के पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा नमन किये।

राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक मैथिली शरण गुप्त, सीनियर सिटीजन एसोसियेशन अध्यक्ष एम.मंत्री, अरुण अग्रवाल, जिला कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष कमलेश शर्मा, नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र ताम्रकार, प्रतिष्ठित नागरिक प्रेम सिंघानिया, शरद गुप्ता, पत्रकार - मोहन नामदेव, रविकांत चौरसिया, पूर्व पार्षद मनोज जैन, नमन ताम्रकार, सुरेंद्र गर्ग, सुरेंद्र जायसवाल, सिविल सर्जन डॉ शिल्पी सराफ, पी.के.




भगत, प्रकाश सिंह, दिव्य आहूजा, मृगेंद्र श्रीवास्तव, अजय सिंघानिया, अरुण सिंघानिया, दीपक सरावगी, अनुज गुप्ता, दिनेश मंगलानी, श्रीमती आशा चमड़ियां, मृणालिनी चमड़ियां,आकांक्षा चमड़ियां, बनवारीलाल चमड़ियां, सतीश नायक, रवि गुप्ता, अजय तोंदी, सीमां तोंदी, रुचि खेमका, सौरभ सिंघानिया, अनिल तिवारी, दिनेश मंगलानी, रोशन तोंदी, राहुल गर्ग ने स्व. पवन कुमार चमड़िया जी के द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये तथा उनके समाज सेवा के योगदान को पुण्य स्मरण किये। होटल विलासा इंटरनेशनल में स्व. पवन कुमार चमड़ियां के पुत्र राजेश चमड़ियां, मनीष चमड़ियां द्वारा द्वितीय पुण्यतिथि पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन शुक्रवार को किया गया, जहां नगर के नागरिकों तथा समाज सेवियों ने पहुंचकर रक्तदान, जीवनदान को चरितार्थ करते हुये जिला चिकित्सालय शहडोल के ब्लड बैंक हेतु रक्तदान किये जिसमें 50 यूनिट रक्तदान संग्रहित हो सका जो पीड़ित जनों के नये जीवन में यह रक्तदान अतिसहायक साबित हो सकेगा।

प्रतिष्ठित व्यवसायी स्व. पवन कुमार चमड़ियां - सीनियर सिटीजन एसोसियेशन, चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स, रेल यात्री सुविधा संघर्ष समिति सहित विभिन्न संगठनों में अपनी भरपूर सहभागिता निभाते रहे, वहीं नेत्र शिविर, रक्तदान शिविर एवं राजनैतिक, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाते रहे ऐसे व्यक्तित्व के धनी स्व. पवन कुमार चमड़ियां को द्वितीय पुण्यतिथि पर स्नेहियों ने उनके योगदान को पुण्य स्मरण करते हुये श्रद्धा नमन किये। होटल विलासा इंटरनेशनल के डायरेक्टर - राजेश चमड़ियां एवं मनीष चमड़ियां ने पूज्य पिता श्री के पुण्यतिथि पर नागरिकों व स्नेहियों तथा रक्तदाताओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुये कहाकि - पूज्य पिता श्री के बताये रास्ते व मिले संस्कार अनुरूप पीड़ितों की सेवा में भरपूर सहभागिता रहेगी ऐसा हमारा संकल्प है।

## राघवी एवं ब्रजेश ने किया नाम रोशन

**ढीमरखेड़ा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश की बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं में ढीमरखेड़ा की बेटी राघवी मिश्रा ने जिले में तीसरा स्थान अर्जित कर जिले व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा ने 500 में से 488 अंक (97.6%) प्राप्त किए है।छात्रा के पिता रामखेलावन मिश्रा किसान हैं जबकि माता स्वाति मिश्रा गृहिणी हैं। छात्रा ने अपनी मेहनत,लगन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह सफलता प्राप्त की है।सफलता का श्रेय छात्रा ने माता-पिता, मित्रों और शिक्षकों को दिया है। इसी तरह माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश की बोर्ड परीक्षा कक्षा बारहवीं में महनेर के छात्र ब्रजेश कुर्मी ने ढीमरखेड़ा सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र ब्रजेश ने 500 में से 453 अंक (90.6%) प्राप्त किए है।छात्र के पिता राजेश कुर्मी चाय पान की दुकान चलाते है जबकि माता अनिता कुर्मी गृहिणी है।



# विद्यार्थियों की सफलता लक्ष्य के प्रति समर्पण, अथक परिश्रम और लगन का प्रतिफल-कलेक्टर

### विद्यार्थी भविष्य की रणनीति आज ही तय कर लें
### कलेक्टर ने प्रवीण्य सूची में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि अनूपपुर जिले के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में जिन विद्यार्थियों ने सर्वोच्च अंक प्राप्त किया है, विद्यार्थियों की यह सफलता उनके लक्ष्य के प्रति समर्पण, अथक परिश्रम और सतत लगन का प्रतिफल है। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों की पहचान है, बल्कि पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा भी है। विद्यार्थियों के सफलता के पीछे सबसे महत्वपूर्ण योगदान अभिभावकों तथा शिक्षकों का होता है। कलेक्टर हर्षल पंचोली आज कलेक्टर कार्यालय के नर्मदा सभागार में हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 के प्रवीण्य सूची में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के ''सम्मान समारोह'' को संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर ने सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता सभी विद्यार्थियों के लिए एक नई



शुरुआत है, एक ऐसा अवसर जो हमें आगे बढ़कर देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और निभाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा जैसे जेईई, नीट एवं संघ लोक सेवा आयोग सहित अन्य विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी संकल्पित होकर करें, जिससे की सफलता आपके कदम छुए। उन्होंने कहा कि भविष्य की रणनीति आज ही तय कर ले, जिससे जीवन में किसी प्रकार की कोई समस्या ना आए।

कार्यक्रम में कलेक्टर ने प्रतिभावान विद्यार्थियों से भविष्य में विद्यार्थी क्या बनेंगे, के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उनका मार्गदर्शन करते हुए कहा आज आप सभी ने सफलता की ऊँचाइयाँ छू ली हैं, लेकिन यह केवल शुरुआत है। भविष्य में आप क्या बनेंगे? यह केवल एक प्रश्न नहीं, बल्कि आपके जीवन के दिशा-निर्देश का आधार है। चाहे आप डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, शिक्षक या कोई और पेशेवर बनें, आपके पास दुनिया को बदलने का एक अद्वितीय अवसर है। आप जिस भी क्षेत्र में जाएं, अपने कार्य के प्रति ईमानदार, समर्पित और मेहनती रहें। याद रखें, असली सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों में नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा में है। इस दौरान कलेक्टर ने कक्षा 10 वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अंशुल केवट पिता कमल प्रसाद केवट, कुमारी आकृति शर्मा पिता संजीव शर्मा, नंदिनी सोनी पिता राजेश सोनी, अनुष्का सिंह राठौर पिता अभय राज सिंह राठौर को माला पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी महक शिवहरे पिता शुभम शिवहरे, कृष्ण कुमार तिवारी पिता यज्ञ नारायण तिवारी, रिया शुक्ला पिता सत्येन्द्र शुक्ला, साक्षी मौर्य पिता रामबचन मोर्य, प्रियंका सिंह राठौर पिता वीरेन्द्र कुमार राठौर, आदित्य कुमार यादव पिता वेदराम यादव, वैशाली राठौर पिता रमेश राठौर एवं शशि राठौर पिता बहादुर राठौर को पुष्पमाला पहनाकर प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान किया। सम्मान समारोह में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सुश्री सरिता नायक, जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मो सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी तथा सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के अभिभावक उपस्थित थे।

## पत्नी वियोग में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक के वार्ड क्रमांक 13 टिकरी टोला में आज 8 एवं 9 मई की दरमियानी रात्रि में रघुवीर सिंह ने पत्नी वियोग में अपने घर के मलगा से रस्सी फंसाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 9 मई दिन शुक्रवार प्रातः काल पुलिस थाना अमरकंटक में फरियादी गुलाब बाई पत्नी सभई सिंह धुर्वे उम्र 55 साल निवासी वार्ड क्रमांक 1 हिंडालको अमरकंटक ने जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराई की मेरी बेटी बबीता बाई दामाद रघुवीर सिंह मरावी अपने तीन बच्चों के साथ टिकरी टोला अमरकंटक में मकान बनाकर रहता है मेरा दामाद बहुत शराब पीता था और आए दिन लड़की बबीता के साथ झगड़ा विवाद करता था जिससे परेशान होकर एक सप्ताह पूर्व मेरी बेटी बबीता बच्चों को लेकर अपने चाचा के घर छांटा जिला डिंडोरी चली गई रघुवीर रोज शराब पीकर घर में पड़ा रहता था काम में नहीं जाता था 9 मई को दामाद रघुवीर सिंह का पड़ोसी मोहनीश कुमार पिता मंगल सिंह उम्र 19 साल निवासी टिकरी टोला ने मेरे घर आकर बताया की रघुवीर सिंह ने बबीता बाई से रोज झगड़ा विवाद करता था जिससे नाराज परेशान होकर बबीता बाई अपने बच्चों को लेकर घर छोड़कर चली गई है। मैं आज सुबह 7 बजे सो कर उठा होने जा रहा था तो रघुवीर के घर जाकर देखा तो घर के अंदर मलगा में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मृतक रघुवीर सिंह मरावी इसके पूर्व नर्मदे आनंदम होटल में काम करता था तथा कुछ समय से वन विभाग में काम करता रहा है पत्नी के छोड़कर चले जाने से वियोग में आकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना अमरकंटक में उक्त प्रकरण पर मर्ग क्रमांक 14/25 धारा 194 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया है। मृतका का पोस्टमार्टम कराया जाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है । उक्त प्रकरण की विवेचना थाना अमरकंटक के नगर निरीक्षक लाल बहादुर तिवारी, सहायक उप निरीक्षक ईश्वर यादव कर रहे हैं।

# नगर में चल रहे करोड़ों के विकास कार्य मगर नहीं रखा जा रहा गुणवत्ता का ध्यान

बिजुरी

अनूपपुर जिले के नगर पालिका परिषद बिजुरी मैं करोड़ो रुपए के विकास के कार्य चल रहे हैं, वार्ड क्रमांक 9,10, 11,12, मैं नाली का निर्माण, सड़कों का निर्माण, तालाबों का सौन्दर्यकरण सहित कई विकास कार्य प्रगति पर है मगर ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य किए जाने से निर्माण कार्यों के मजबूती पर प्रश्न चिन्ह खड़े होने लगे हैं, जो नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है, नगर पालिका परिषद बिजुरी जो नगर के विकास हेतु प्रत्येक वार्डों में विकास हेतु करोड़ों के टेंडर निकालकर नगर के विकास हेतु कृत संकल्पित है, मगर ठेकेदारों द्वारा अपनी आपस की प्रति स्पर्धा की लड़ाई में उन टेंडरो को बिलो में भरकर टेंडर को तो पा जाते




हैं, व बिलो टेंडर पाने के कारण कार्यों की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ करते हुए गुणवत्ता विहीन कार्य करवाया जा रहा है, नगर पालिका के अधिकारी भी नगर मैं हो रहे गुणवत्ता विहीन कार्यों का निरीक्षण न किए जाने से ठेकेदार के हौसले बुलंद रहते हैं, ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य किए जाने से जहां एक और नगर में रोष व्याप्त है वही नगर पालिका अधिकारियों के प्रति भी लोगों में विस्वास खत्म होता जा रहा है, नगर की जनता जिला कलेक्टर से नगर हित में मांग करती है कि नगर पालिका परिषद बिजुरी में चल रहे निर्माण कार्यों की एक विशेष टीम बनाकर गुणवत्ता की जांच कराई जाए गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य पाए जाने पर ठेकेदार की विरुद्ध कार्रवाई की जाए

*निगमायुक्त ने अधिकारी एवं कर्मचारियों को सौंपा कार्य दायित्व*

# अधिक से अधिक राजस्व वसूली करने के दिए निर्देश, बकाया करों पर मिलेगी छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार शनिवार 10 मई को नगर निगम कटनी के विभिन्न पांच स्थलों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाकर नागरिकों को विगत वित्तीय वर्ष 2024-25 तक की बकाया राशि पर नियमानुसार छूट प्रदान की जावेगी। आयुक्त नगर निगम नीलेश दुबे नें लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु एक आदेश जारी कर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व सौपे है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देश पर नागरिकों को अपने बकाया करों को निगम कोष में जमा कराने की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त श्री दुबे नें लोक अदालत के दौरान नगर के विभिन्न स्थलों नगर निगम कार्यालय, सुभाष चौक, दुर्गा चौक खिरहनी, माधवनगर उपकार्यालय तथा बस स्टेंड में आयोजित होनें वाले शिविरों हेतु उचित स्थल का चयन कर समुचित व्यवस्था पूर्ण करने तथा



अधिक से अधिक राजस्व वसूली करने के निर्देश निगम के राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए है। जबकि सुधीर मिश्रा विभागाध्यक्ष जलकर एवं सागर नायक प्रभारी अधिकारी को शिविर स्थलों पर जलकर वसूली हेतु कर्मचारियों की नामजद ड्यूटी लगाने हेतु निर्देशित किया गया है।

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेश में लोक अदालत के दौरान शनिवार 10 मई को नगर निगम कार्यालय एवं समस्त शिविर स्थलों पर विद्युत सप्लाई चालू रखने हेतु प्रभारी सहायक यंत्री आदेश जैन व मोना करेरा उपयंत्री को एम.पी.ई.बी से समन्वय स्थापित करने, जिला न्यायालय परिसर सहित नगर निगम कार्यालय एवं शिविर स्थलों में पेयजल हेतु पानी के टैंकरों की व्यवस्था करने हेतु मृदुल श्रीवास्तव उपयंत्री व अभिषेक अरजरिया को निर्देशित किया गया है। न्यायालय परिसर सहित नगर निगम कार्यालय एवं शिविर स्थलों में विशेष साफ- सफाई एवं चूने की लाईनिंग व कीटनाशक दवाईयों का डिड़काव करानें सहित शिविरों के माध्यम से निर्धारित लक्ष्य अनुरूप वसूली का प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु वार्ड दरोगा एवं क्षेत्रीय स्वा.प्रभारियों की डयूटी लगानें के निर्देश प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को दिए है। निगमायुक्त द्वारा जारी आदेश में लोक अदालत को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यकतानुसार भृत्यों की ड्यूटी लगाने, कचरा कलेक्शन वाहन के माध्यम से लोक अदालत में प्रदाय की जाने वाली छूट का प्रचार -प्रसार कराने, कम्प्यूटर, कम्प्यूटर आपरेटर, प्रिंटर, इंटरनेट, पानी के कैन, टेंट एवं बैठक व्यवस्था सहित समाचार पत्रों में प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश निगम के विभागीय अधिकारियों को सौंपे जाकर समस्त व्यवस्था निर्धारित समय पर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## वीसी के माध्यम से 66 पंचायतों में दी गई मॉक ड्रिल की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में जनपद पंचायत बड़वारा की 66 ग्राम पंचायतों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा बुधवार को राज्य शासन की गाइड लाइन अनुसार मॉक ड्रिल किए जाने, सायरन बजाने, आपदा से निपटने के लिए जन जागरूकता लाने के साथ-साथ हर तरह की परिस्थितियों से निपटने के लिए पंचायतों को निर्देश दिए गए है। साथ ही लोगों को किसी भी प्रकार की पैनिक स्थिति न बनाए जाने की जानकारी दी गई।

### ब्लैक आउट से कराया अवगत

निर्देशों के अनुरूप पंचायतों में ब्लैक आउट कराने हेतु जनपद पंचायत बड़वारा में कंट्रोल रूम का गठन किया गया जिसका प्रभारी उदयभान सिंह दाहिया खंड पंचायत अधिकारी को बनाया गया है। कंट्रोल रूम में उदयभान सिंह के साथ उदय राम बैगा, गोविंद सिंह एवं सत्येंद्र सिंह सेंगर द्वारा ग्राम पंचायतों को कंट्रोल रूम के माध्यम से शासन के निर्देशों का पालन किए जाने सम्बन्धी ग्रामीण अंचलों में जानकारी दी गई। साथ ही जनपद पंचायत बड़वारा की 66 ग्राम पंचायतों के साथ-साथ मुख्यालय जनपद में विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह एवं जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ समस्त शासकीय अमला एवं ग्रामीणों द्वारा ब्लैक आउट एवं मॉक ड्रिल के बारे में अवगत कराया गया। जिसके परिणामस्वरुप शाम 7.30 बजे से 7.42 बजे तक ब्लैक आउट पूरी तरह से सफल रहा। इस दौरान सभी दुकानदार, वैवाहिक कार्यक्रम स्थलों एवं अन्य सार्वजनिक जगहों में समस्त नागरिकों द्वारा पूरा सहयोग किया गया एवं ब्लैक आउट पूर्णतः सफल रहा।

# विद्यार्थियों को दी गई नागरिक सुरक्षा अभ्यास और मॉक ड्रिल की जानकारी



### हानियों से बचने बताए उपाय

बुधवार को शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई की अध्यक्षता में एन.सी.सी एवं एन.एस.एस के संयुक्त तत्वावधान में सूबेदार गुरमीत सिंह, हवलदार सुरेश के नेतृत्व में नागरिक सुरक्षा अभ्यास और पूर्वभ्यास मॉक ड्रिल से संबंधित समस्त गतिविधियों की जानकारी विद्यार्थियों को दी गयी । इस दौरान विद्यार्थियों को हवाई हमले एवं विस्फोटों से होने वाली हानियों से बचने का उपाय बताया गया तथा खान-पान की व्यवस्था करके रखने हेतु भी निर्देशित किया गया। साथ ही प्रारंभिक उपचार हेतु स्वास्थ्य किट तैयार कर घर में रखने के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर बुधवार को ब्लैक आउट मॉक ड्रिल के बारे में भी बताया गया। इस राष्ट्रव्यापी आन्दोलन में प्राचार्य डॉ. सुनील वाजपेयी के निर्देशानुसार एक गूगल फॉर्म भी तैयार करवाया गया है, जिसमें सभी लोग शैक्षणिक, अशैक्षणिक विद्यार्थी अपने-अपने रक्त समूह की जानकारी देंगे, जिससे रक्त की आवश्यकता होने पर रक्त दिया जा सके। इस दौरान शैक्षणिक, अशैक्षणिक संबंध विद्यार्थियों, एन.एस.एस. स्वयं सेवक एवं एन.सी.सी. कैडेट्स ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

## आरटीई के तहत प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के अंतर्गत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाइन निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा समय सारणी जारी कर दी गई है। अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु पात्र इच्छुक आवेदक अपने ग्राम, वार्ड, पड़ोस तथा विस्तारिक पड़ोस के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश हेतु अपनी समग्र आईडी एवं आधार सत्यापन करके ऑनलाइन आवेदन 21 मई तक किया जा सकेगा। जन शिक्षा केन्द्र द्वारा सत्यापन उपरांत पात्र पाये गये आवेदकों को रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से अशासकीय स्कूल का आवंटन किया जायेगा। विद्यालयों में प्रवेश के लिये अभिभावकों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। साथ ही आवेदन की तरह ही सत्यापन कराने की जिम्मेदारी भी अभिभावक की होगी। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार 21 मई तक किया जा सकेगा। आवेदन के पश्चीत शासकीय जनशिक्षा केन्द्रक के द्वारा 23 मई तक सत्यासपन कार्य किया जायेगा। ऑनलाइन सत्यावपन के बाद 29 मई को रैण्डकम पद्धति से ऑनलाईन लॉटरी द्वारा स्कूसल का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एसएमएस द्वारा सूचना दी जाएगी। जबकि आवंटन उपरांत 2 जून से 10 जून तक स्कू ल में उपस्थित होकर मोबाइल एप के माध्याम से एडमीशन रिपोर्टिंग की जायेगी।

## खबर संक्षेप

### महेश जैन नोटरी नियुक्त, लोगों ने दी बधाई



**कोतमा।** महेश जैन पुत्र स्व दीप चंद जैन निवासी वार्ड 08, गणेश नगर, कोतमा को नोटेरी अधिनियम 1952 (1952 का 53) के अधीन नोटेरी के रूप में नियुक्त किया गया है और उन्हें नोटेरी के रूप में सम्पूर्ण कोतमा में व्यवसाय करने के लिए पांच वर्ष की अवधि के लिए प्राधिकृत किया गया है। महेश जैन के नोटरी नियुक्त होने पर न्यायालय कोतमा के न्यायाधीश सहित सांथी अधिवक्ताओं व शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### सीएसआर के तहत 29 परियोजना प्रभावित गाँवों के क्षय रोगियों को किया गया पोषण किट का वितरण



**अनूपपुर।** जिले के एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के वीआईपी गेस्ट हाउस में भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सौ दिवसीय क्षय उन्मूलन अभियान के तहत एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के परियोजना प्रभावित गाँवों से स्वास्थ्य परिक्षण शिविर के माध्यम से चिन्हांकित क्षयरोगीयों को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत पोषण किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के 29 परियोजना प्रभावित गाँवों के चिन्हांकित क्षयरोगी उपस्थित थे जिनको पोषण किट का वितरण किया गया। पोषण किट में सूर्यमुखी तेल, अमूल घी, देसी चना, चावल, अमूल दूध पावडर, खजूर, चना दाल, तुवर दाल एवं सोयाबीन खाद्य सामग्री थे जिसको क्षयरोगीयों के लिए आवश्यक पोषण आहार माना जाता है। इस पोषण किट को एसईसीएल द्वारा आगामी छह माह तक जिला अनूपपुर के परियोजना प्रभावित गाँवों के क्षयरोगीयों को दवाइयों के साथ निरंतर प्रदान किया जायेगा जिससे कि क्षयरोगी मरीज जल्द से जल्द स्वस्थ हो सके।

विदित हो कि एसईसीएल अपने सीएसआर परियोजना के तहत आरके एचआईवी एड्स रिसर्च एंड केयर सेंटर, मुंबई के सहयोग से टीबी रोगियों की पहचान के लिए छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के अपने परिचालन जिलों के विभिन्न परियोजना प्रभावित गांवों में स्क्रीनिंग कैंप और डोर-टू-डोर अभियान आयोजित कर रहा है। इस परियोजना के तहत एसईसीएल छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, रायगढ़ और सूरजपुर जिले और मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले से 50,000 लोगों की स्क्रीनिंग करने और 300 टीबी रोगियों की पहचान करके भारत सरकार के सौ दिवसीय गहन टीबी उन्मूलन अभियान के अनुरूप पोषण किट और दवाओं का वितरण करने का लक्ष्य रखा है। एसईसीएल ने इस सीएसआर परियोजना के लिए कुल 382.54 लाख रुपये का बजट रखा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एसईसीएल ने अनूपपुर जिला के 29 कोयला खदान प्रभावित गांवों के लगभग 10,175 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग शिविरों के माध्यम से जाँच की है तथा अब तक 49 टीबी रोगियों की पहचान की है। यह शिविर अनूपपुर जिला के विभिन्न गांवों में अभी भी जारी है।

इसी परियोजना के तहत 08 मई को एसईसीएल द्वारा वीआईपी गेस्ट हाउस, जमुना कोतमा क्षेत्र में पोषण किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अनूपपुर जिला के 29 परियोजना प्रभावित गांवों के क्षयरोगीयों को पोषण किट वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में एसईसी.एल जमुना कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक संचालन अजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार एवं क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक संतनू मजुमदार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। जमुना कोतमा क्षेत्र के सीएसआर नोडल अधिकारी डॉ. सतीश कुमार एवं क्रियान्वयन एजेंसी आरके एचआईवी एड्स रिसर्च एवं केयर सेंटर, मुंबई के परियोजना प्रबंधक सुश्री योगिता बोरकर, फार्मासिस्ट वैभव जैन एवं नर्सिंग स्टाफ सुश्री सुमन जैसवाल ने इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

## विद्युत बकायेदार करवा सकेंगे प्रकरणों का निराकरण

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

### लोक अदालत मे छूट प्राप्त कर बकाया राशि जमा करने की अपील

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार 10 मई को जिला एवं सत्र न्यायालय अनूपपुर एवं तहसील सिविल न्यायालय कोतमा/राजेन्द्रग्राम में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला स्तर पर 08 खण्डपीठ, तहसील सिविल न्यायालय कोतमा हेतु 03 खण्डपीठ एवं राजेन्द्रग्राम हेतु 03 खण्डपीठ का गठन किया गया है। इस प्रकार जिले में कुल 14 खण्डपीठों का गठन किया गया है। उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक, व्यवहारिक, धारा 138 एनआई एक्ट के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, पारिवारिक प्रकरण, विद्युत चोरी के प्रकरण तथा विद्युत विभाग, बैंक एवं नगर पालिका के पूर्ववाद प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में अपने-अपने प्रकरणों के निराकरण हेतु उपस्थित होने वाले पक्षकारगण की सहायता हेतु हेल्प डेस्क का गठन किया जाकर पैरालीगल वालेंटियर्स की ड्यूटी लगाई गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आमजन व पक्षकारगण से अपील की गई है कि न्यायालय में लंबित एवं पूर्ववाद प्रकरणों का आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर अपने प्रकरण का निराकरण करवाकर शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्राप्त करें, जिससे पक्षकारों के मध्य आपसी सदभाव उत्पन्न हो व शत्रुता समाप्त हो तथा समय, धन व श्रम की बचत हो।







### ब्याज की राशि पर मिलेगी 100 प्रतिशत की छूट

10 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत मे प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) तथा न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण करने हेतु नियमानुसार छूट संबंधी निर्देश अंतर्गत विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए नेशनल लोक अदालत में लंबित प्रकरणों में निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जावेगी जिसके अंतर्गत प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। वही लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। उपरोक्तानुसार छूट नियम एवं शतों के तहत दी जावेगी।

### यह होंगी शर्तें

आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष देय आंकलित सिविल दायित्व की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता/उपयोगकर्ता की विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन/ संयोजनों के विरुद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा। आवेदक के नाम पर कोई विधिक संयोजन न होने की स्थिति में छूट का लाभप्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा विधिक संयोजन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित संयोजनों के विरुद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जावेगी। विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत/अदालतों में छूट प्राप्त किए उपभोक्ता/उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य विद्युत देयकों के विरुद्ध बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जावेगी। लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट आंकलित सिविल दायित्व राशि दस लाख रूपये तक के प्रकरणों के लिये सीमित रहेगी। उक्त छूट मात्र लोक अदालत में समझौता करने के लिए ही लागू रहेगी। अपराध शमन फीस अधिनियम के प्रावधान अनुसार वसूल की जावेगी।

### बकायेदार आज करवा सकेंगे प्रकरणों का निराकरण

प्रीलिटिगेशन स्तर पर विभाग ने वितरण केन्द्रवार 1330 प्रकरणों पर कुल बकाया राशि 2 करोड 07 लाख 51 हजार रुपए के बकायादारों को नोटिस दिया है वही लिटिगेशन स्तर पर वितरण केन्द्रवार 153 प्रकरणों पर 35 लाख 67 हजार 51 रूपये की नोटिस बांटकर उन्हे लोक अदालत मे छूट का लाभ लेते हुये प्रकरण निराकृत करने की समझाइश दी है। लोक अदालत मे सभी वितरण केन्द्रों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इस संबंध मे विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता जीपी गोस्वामी व कार्यपालन अभियंता अरूणेन्द्र प्रसाद मौर्य ने विद्युत बकायेदारों से लोक अदालत मे पहुंचकर शासन द्वारा दी जाने वाली छूट प्राप्त करते हुये लाभ लेने की अपील की है।



### आमांडॉड खुली खदान का काला हीरा जलकर राख में हो रहा तब्दील

**बदरा/जमुना।** जमुना कोतमा क्षेत्र की जीवन दायिनी खदान एएमडी ओसीपी में कोयले की गुणवत्ता जी8 स्टैंडर्ड की है पिछले वित्तीय वर्ष 23-24 का लगभग तीन लाख टन कोयले का स्टॉक था जिसमें वहां के प्रबंधन द्वारा कोयले के साथ निकले हुए सेल पत्थर को मिक्स कराकर न सिर्फ कोयले की गुणवत्ता खराब की गई बल्कि कंपनी को अप्रत्यक्ष रूप से बेईमान बनाने की साजिश रची गई है आलम ये है कि आज उस कोयले का कोई खरीदार नहीं मिल रहा है खेद की बात ये है कि नीलकंठ कंपनी द्वारा उत्पादन किए जा रहे अच्छे ग्रेड के कोयले को पुराने स्टॉक तीन लाख टन कोयले के ऊपर डंप कराकर रोड सेल का पूरा जुगाड़ किया जा रहा और उसी से प्रबंधन माला माल हो रहा है इससे भी दुखद और गजब की बात ये है कि पुराने स्टॉक में आग लगी हुई है जिससे प्रतिदिन लगभग 15 से 20 टन कोयला जलकर खाक हो रहा है और राख में तब्दील हो रहा है जिससे कंपनी का करोड़ों का नुकसान जानबूझकर कराया जा रहा है जबकि श्रमिक संगठन कोयला मजदूर सभा द्वारा पत्र लिखकर या मौखिक सलाह दी जाती है कि वर्षों से पड़े कोल स्टॉक को यदि गोविंदा साइडिंग भेज दिया जाएं तो कोयला आराम से बिक्री हो सकता है और कंपनी को आर्थिक लाभ भी होगा लेकिन वहां का प्रबंधन बात सुनने को तैयार नहीं उसे सिर्फ कमाई दिखता है चुकी हम एक जिम्बेवार संगठन है और हमारा दायित्व है कि राष्ट्र एवं कंपनी को हो रहे नुकसान को कैसे बचाया जाय इस बात को संज्ञान में रखकर अपनी बात उचित फोरम पर उठाते रहेंगे और बार बार उठाएंगे।

## 50 दिन बाद छत्तीसगढ़ वापस पहुंचे तीन हाथी, जिलावासियों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

अनूपपुर में जिले में निरंतर 50 दिन तक विचरण करने बाद तीन हाथियों का समूह गुरुवार एवं शुक्रवार की मध्य रात्रि जिले की सीमा को पार कर छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही क्षेत्र में पहुंचकर जंगल में विश्राम कर रहे हैं तीनों हाथियों के जिले में विचरण दौरान सैकड़ो ग्रामीणों के घर, खेत एवं बांड़ियों में रखे एवं लगे विभिन्न तरह की अनाजों को अपना आहार बनाया है इस बीच ग्रामीणो एवं वनविभाग की गस्ती दल की सक्रियता के कारण किसी भी तरह की अनहोनी नहीं हो सकी वही हाथियों से हुए नुकसान पर जिला प्रशासन एवं वनविभाग की टीम द्वारा सर्वे कर राहत राशि का प्रकरण तैयार कर राहत राशि दिये जाने की कार्यवाही की है। 50 दिन पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही क्षेत्र से एक एवं दो की संख्या में अलग-अलग आए तीन हाथियों का समूह एक साथ मिलकर अनूपपुर जिले के जैतहरी, अनूपपुर एवं राजेंद्रग्राम इलाकों में विचरण करने बाद फिर से अनूपपुर एवं जैतहरी इलाके में आकर दिन के समय जंगलों में ठहरकर विश्राम करने बाद शाम एवं रात होने पर प्रत्येक दिन अलग-अलग दिशाओं में निकल कर आसपास के ग्रामो, टोला, मोहल्ला के ऐसे इलाके जो जंगल से लगा हुआ है के साथ 8 से 10 किलोमीटर की दूरी तय कर अचानक पहुंचकर आहार की तलाश में 100 से अधिक घरों खेत, बांडियों में लगे तथा रखें विभिन्न तरह के अनाजों को अपना आहार बनाते हुए सुबह होने पर फिर से जंगलों में जाकर ठहर जाते रहे हैं। विगत छह दिनों से तीनों हाथी वन परिक्षेत्र, थाना एवं तहसील जैतहरी के धनगवां एवं चोलना बीट के जंगलों में दिन में ठहरने बाद रात होते ही कुसुमहाई, चोई, पड़रिया, कुकुरगाड़ा आदि गांव के विभिन्न टोला-मोहल्ला में विचरण करते हुए दिन में जंगलों में रह रहे थे गुरुवार की शाम तीनों हाथी धनगवां एवं चोलना बीट के चोई गांव से लगे जंगल से निकलकर पड़रिया, छातापटपर, चोलना होते हुए मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की सीमा के मध्य ग्राम पंचायत चोलना के गूजरनाला को पार कर छत्तीसगढ़ राज्य के शिवनी सर्किल एवं बीट के ग्राम पड़री देवंगवा होते हुए घुसरिया बीट के जंगल कक्ष क्रमांक 2049 जो चरचेडी गांव के समीप है के बांस प्लांटेशन में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं रात में देवगवा गांव में गोविंद के घर में तोड़फोड़ किए जाने पर घर का मलवा गिरने से 7 वर्ष के बालक रुद्र के हाथ एवं पैर में चोट लगी जिसे जैतहरी एवं शिवनी के वन अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा उपचार हेतु मरवाही के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया इस बीच हाथियों द्वारा पांच किसानों के खेतों में लगी फसलों को अपना आहार बनाते रहे 50 दिनों तक हाथियों के विचरण में दौरान हाथियों द्वारा अनूपपुर जिले एक सौ से अधिक ग्रामीणों के घरो, खेत एवं बांडियों में लगे तथा रखें विभिन्न तरह के अनाजों को खाकर, तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया जिस पर जिला प्रशासन एवं वनविभाग की संयुक्त टीम द्वारा समय-समय पर नुकसानी का सर्वेक्षण करते हुए राहत प्रकरण तैयार कर राहत राशि दिए जाने की कार्यवाही की। इस दौरान वनविभाग का गस्ती दल, ग्रामीण एवं ग्राम पंचायतो के पदाधिकारियों एवं पुलिस के सहयोग से आम जनों की सुरक्षा के साथ हाथियों की सुरक्षा पर निरंतर निगरानी रखा हुआ रहा जिससे 50 दिनों के मध्य किसी भी तरह की अनहोनी घटना नहीं हो सकी हाथियों के अनूपपुर जिले से वापस छत्तीसगढ़ राज्य रवाना होने पर अनूपपुर जिले के जैतहरी,अनूपपुर के ग्रामीणो ने राहत की सांस ली है हाथियों के विचरण के कारण 50 दिनों तक हाथियों के विचरण से प्रभावित क्षेत्र के 10 से 12 गांव के ग्रामीण प्रत्येक दिन रात-रात भर जाग कर अपनी एवं अपने परिजनों की सुरक्षा करते रहे।




## अमरकंटक के साप्ताहिक बाजार का हाल बदहाल

## बाजार का शेड दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के वार्ड क्रमांक 10 रामघाट उत्तर तट से लगे पुराने मेला ग्राउंड वर्तमान साप्ताहिक बाजार का हाल बदहाल होने से व्यवसाईयों एवं नागरिकों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मंडी बोर्ड के प्राप्त निधि से शासकीय उद्यान अमरकंटक के द्वारा चबूतरा एवं उस पर शेड का निर्माण पथ मार्ग, पानी टंकी तथा प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युत खंभा लगभग 24 लाख रूपयों की लागत से बनवाया गया था वर्तमान स्थिति में उक्त शेड जीर्ण क्षीर्ण हो गया है तथा किसी गंभीर दुर्घटना की आशंका है कभी भी कोई अप्रिय दुर्घटना हो सकती है घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। पवित्र नगरी अमरकंटक में आए दिन तेज हवाओं के साथ आंधी तूफान आता है ऐसे ही टूटे-फूटे गिर रहे साप्ताहिक बाजार के शेड में कई व्यावसायिक दुकानदार उक्त स्थान पर अपनी दुकान लगाते हैं उनसे सामग्री लेने उपभोक्ता नागरिक सामान लेने हेतु आते जाते हैं कभी भी गंभीर दुर्घटना घटित हो सकती है यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो वर्षा काल में गंभीर घटना हो जाने पर इसका जिम्मेदार कौन होगा।

उल्लेखनीय है कि मंडी बोर्ड के द्वारा दिए गये निधि से शासकीय उद्यान अमरकंटक के द्वारा उक्त स्थल पर 20- चबूतरा सेड का निर्माण लगभग 10- 12 वर्ष पूर्व कराया गया था। इसमें पांच चबूतरे का शेड गिरकर धराशाई हो गया है शेष बचे 15 चबूतरे का शेड की हालत अति दयनीय है कई चबूतरे का सेड के खंभा का सीमेंट मसाला निकल गया है मात्र उसमें लगे चार छड़ों पर टिका हुआ है जगह-जगह से छप्पर का टीन भी टूट फूट गया है वर्षा काल में साप्ताहिक बाजार स्थल पर भारी कीचड़ हो जाता है इससे और भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल कार्यालय के पीछे बने चबूतरा शेड में आए दिन पर्यटक तीर्थ यात्री यात्री एवं परिक्रमा वासी रात्रि काल में विश्राम हेतु रुक जाते हैं तथा दोपहर एवं रात्रि में इसी शेड में अपना भोजन बनाते हैं तथा विश्राम करते हैं इससे भी दुर्घटना की संभावना ज्यादा है क्या स्थानीय प्रशासन एवं जिला प्रशासन साप्ताहिक बाजार में बने टूट फुट रहे चबूतरा शेड समय रहते कोई कारगर कदम उठाकर इस दिशा में कार्यवाही कराएंगे या फिर किसी दुर्घटना के बाद सजग होंगे। यदि समय रहते इस दिशा में ध्यान नहीं दिया गया तो किसी दिन बहुत बड़ी दुर्घटना होगी।

## पवित्र नगरी अमरकंटक में आधे घंटे हुई बारिश तापमान में गिरावट मौसम हुआ खुशनुमा



**अमरकंटक।** पावन पवित्र नगरी अमरकंटक में एक बार फिर आधे घंटे की अच्छी जोरदार बारिश हुई इससे तापमान 32 डिग्री सेल्सियस आ गया था वह वर्षा के चलते 28 डिग्री सेल्सियस आ गया। पवित्र नगरी अमरकंटक में 9 मई शुक्रवार दोपहर साढे चार बजे अचानक हुई तेज बारिश से पारा तो लुढ़का ही अमरकंटक नगर का मौसम अच्छा खासा सुहाना खुशनुमा हो गया विगत तीन-चार दिनों से तापमान 34-35 डिग्री सेल्सियस चल रहा था बारिश होने से बढ़ रहे तापमान में ब्रेक सा लग गया और वह नीचे आ गया। उल्लेखनीय है कि पवित्र नगरी अमरकंटक में बीच-बीच में अच्छी खासी बारिश हो जाने से गर्मी जैसा एहसास न होकर सुखद खुशनुमा सुहावना मौसम बना हुआ है इस तरह के मौसम से पर्यटक तीर्थ यात्रियों सैलानियों को भा रहा है दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले पर्यटक सैलानी भी इसका भरपूर आनंद उठा रहे हैं और अपने परिचित रिश्तेदारों को भी अमरकंटक के सुहावने मौसम के बारे में अवगत कराना नहीं चूक रहे। बनारस एवं कानपुर से आए मिश्रा एवं पांडे दंपति पर्यटक सैलानी ने कहा कि वह अपने मित्रों रिश्तेदारों को कह रहे हैं कि अमरकंटक लिए और बेहद सुहावना मौसम का मजा लीजिए ऐसा मौसम कहीं नहीं मिल रहा घर या होटल में वातानुकूलित में ही मिलता है जो अमरकंटक में मिल रहा है इससे तन मन को सुकून शांति मिल जाती है दो दिन की जगह लगता है चार-पांच दिन और रह ले। हमने अमरकंटक के बारे में कुछ और सोचा था लेकिन हमें अमरकंटक में कुछ और ही देखने सुनने जानने को मिला है। अमरकंटक वास्तव में स्वर्ग सा है असीम खुशी मिलती है।

